>

Tilte: Need to start operation of Iron Ore Mines of Steel Authority of India at Gua in West Singhbhum district, Jharkhand.

श्री मधु कोड़ा (सिंहभूम): भारतीय इस्पात प्राधिकरण- रॉ मैटेरियल्स डिवीजीन की झारखंड राज्य के पश्चिम सिंहभूम जिला अवस्थित गुवा ऑयरन और माईन्स माह जून, 2011 से बंद है। गुवा ऑयरन और माईन्स में एक हजार से भी अधिक मजदूर हैं, जो बेकार हो गए हैं। प्रबंधन को प्रतिदिन करोड़ों रुपयों का नुकसान हो रहा है। खान में लौह अयस्क का उत्पादन बंद होने से गुवा के लौह अयस्क आधारित इस्पात कारखाने को भी लौह अयस्क की कमी से शीघ्र ही सामना करना पड़ेगा, जिससे कारखाने के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। गुवा लौह अयस्क खान को शीघ्र चालू कराने की सरकार से अपील करता हूं।